# प्रेस नोट

## जनपद मुजफ्फरनगर

## दिनांक 01.10.2024

- **थाना खतौली पुलिस द्वारा 03 जुआरी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 01.10.2024 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 विक्रान्त कुमार मय हमराहिगण द्वारा 03 जुआरी अभियुक्तगण 1.नमन उर्फ छोटू पुत्र नरेश जैन निवासी बडा बाजार सराफान थाना खतौली मुजफ्फरनगर 2.राजू पुत्र त्रिलोकीनाथ 3.दीपचन्द पुत्र बुन्दुराम निवासीगण मौ0 देवीदास थाना खतौली मुजफ्फरनगर को बन्द पडा मकान बडा बाजार सराफान खतौली से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से एक तोलिया फड, 52 ताश के पत्ते,नगद 12900/- रूपये बरामद किये गये। जिसके सम्बन्ध में थाना खतौली पर मु0अ0सं0 398/2024 धारा ¾ जुआ अधि0 पंजीकृत किया गया।

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 01.10.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री दीपक कुमार मय हमरिहगण द्वारा मु0अ0सं0 307/2024 धारा-191(2)/190/121(1)/132/127(2)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1- बाल्ला पुत्र इशत्याक 2- बाबू पुत्र इशत्याक निवासीगण ग्राम बसीकला थाना शाहपुर जिला मु0नगर को दुल्हैरा नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। (थाना शाहपुर पुलिस द्वारा ग्राम बसीकला मे हुई मारपीट मे वांछित अभियुक्त गण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया )

- **थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 01.10.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहिगण द्वारा 01 अभियुक्त इरफान पुत्र मांगा निवासी ग्राम तावली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर को निरमाना गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर नाजायज बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर मु0अ0स 317/2024 धारा 3/24 ए एक्ट पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता अवैध मादक पदार्थ(कीमत लगभग 06 लाख 75 हजार रुपये) के साथ गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 01.10.2024 को थाना शाहपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय म0है0का0 725 शीतल चौधरी मय हमराहिगण द्वारा 03 अभियुक्तगण 1-हर्ष पुत्र सुशील कुमार नि0 कंकरखेडा न्यू गोविन्दपुरी मेरठ 2- रूबीना उर्फ सीमा पत्नी आरिफ नि0 रोहटा रोड जबाहर नगर थाना कंकरखेडा मेरठ 3- इरफाना पुत्री इलियास नि0 खडौली थाना कंकरखेडा मेरठ को चैकिंग के दौरान ग्राम निरमाना की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से लगभग 06 लाख 75 हजार रुपये की कीमत का कुल 27 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना शाहपुर पर मु0अ0सं0 316/2024धारा 8/20 NDPS ACT पंजीकृत कियागया।

➢ **<u>थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा टयूबवैल चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 01.10.2024 को थाना मंसूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री शिखर चौधरी मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 252/24 धारा 303(2),317(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तगण 1-रजत पुत्र मोहन लाल 2- आशीष पुत्र राकेश निवासीगण लौधा कालोनी थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को ग्राम मुबारिकपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 02 स्टार्टर, 02 कट आऊट,3.50 किलोग्राम विधुत मोटर तार आदि सामान बरामद किया गया।

➢ **<u>थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 09 एटीएम कार्ड व 01 मोटरसाइकल बरामद-</u>**

दिनांक 01.10.2024 को थाना मन्सूरपुर पर नियुक्त व0उ0नि0 श्री जबर सिंह मय हमराहिगण द्वारा 02 अभियुक्तगण 1-विकास पुत्र शिवकुमार 2-प्रदीप शर्मा पुत्र समुन्द्र निवासीगण चन्दपुर थाना बडगांव सहारनपुर को मंसूरपुर तिराहे से शाहपुर जाने वाले रास्ते सेगिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 09 एटीएम कार्ड 01 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। अभियुक्तगण एटीएम के बाहर खडे होकर महिलाओं व बुजुर्गों को मदद का आश्वासन देकर एटीएम कार्ड बदल देते थे तथा बदले कार्ड से रुपयों की निकासी करते थे। इस सम्बन्ध में थाना मन्सूरपुर पर मु0अ0स0-256/24 धारा 318(4),317(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।